# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 23/10/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Punjab Kesari (Amritsar,Punjab)**

# ट्रैक से हटाए प्रदर्शनकारी, 40 घंटे बाद ट्रेनें पटरी पर

पंजाब केसरी/अमृतसर

**अमृतसर हादसा**





अमृतसर में दशहरा के दिन हुए ट्रेन हादसे के बाद से पटरियों पर धरना दे रहे प्रदर्शनकारियों को हटा दिया गया है और ट्रेनों का परिचालन करीब 40 घंटे बाद रविवार दोपहर बहाल हो गया। रेलवे के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी प्रवक्ता ने बताया कि रेलवे को स्थानीय अधिकारियों से दोपहर 12:30 बजे ट्रेन सेवाएं बहाल करने की मंजूरी मिली उत्तर रेलवे के प्रवक्ता दीपक कुमार ने बताया, "पहले मालगाड़ी को दोपहर दो बजकर 16 मिनट पर मनावला से अमृतसर रवाना किया गया।" उन्होंने बताया कि इसके बाद मेल या एक्सप्रेस ट्रेनों का आवागमन शुरू किया जाएगा फिरोजपुर मंडल के वरिष्ठ मंडलीय सुरक्षा आयुक्त (रेलवे) एम सुधाकर ने बताया, "प्रभावित पटरी (जोड़ा फाटक) पर ट्रेन सेवाएं फिर से शुरू हो गई हैं। एक मालगाड़ी को इससे होकर गुजरने की अनुमति दी गई।"

## ड्राइवर बोला, मैंने लगाई थी इमरजैंसी ब्रेक...

अमृतसर रेल हादसे की जिम्मेदारी से रेलवे प्रशासन और उसके कर्मचारियों लगातार पल्ला झाड रहे है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन अश्वनी लोहानी और रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा के बाद डीएमयू ट्रेन के ड्राइवर का बयान सामने आया है। रेल विभाग को दी अपनी सफाई में ड्राइवर अरविंद कुमार ने कहा कि जब उसको अचानक ट्रेक पर लोगों का हुजूम दिखा, तो उसने हॉर्न बजाते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगा दी।

(संपूर्ण कवरेज पृष्ठ 2 पर)

Nav Bharat (Delhi)

## अमृतसर हादसे पर आयोजक ने विडियो जारी कर कहा

# 'परमिशन लेकर रावण जलाया, लोगों से 10 बार कहा कि ट्रैक से हट जाएं'

■ **एनबीटी, नई दिल्ली/अमृतसर :** रेलवे ट्रैक के पास दशहरा मेले के आयोजन और रावण दहन की अनुमति को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। आयोजक सौरभ मदान मीठू पर भी अंगुलियां उठ रही हैं। अब मीठू ने विडियो जारी कर सफाई दी है। मीठू ने कहा है कि उन्होंने आयोजन के लिए सभी तरह की अनुमति ली थी। साथ ही दावा किया है कि आयोजन के दौरान उन्होंने 10 से अधिक बार भीड़ से ट्रैक पर नहीं खड़े होने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि वह हादसे से बेहद दुखी हैं। कुछ लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।



इस बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अमृतसर हादसे को लेकर रेलवे और पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने कहा कि रेल पटरियों पर लोगों के बैठने को समझदारी नहीं कहा जा सकता है लेकिन साथ ही इस भयावह घटना के पीछे जिले के अफसरों की लापरवाही साफ दिखती है।

### हाईकोर्ट पहुंचा मामला

पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में दाखिल एक जनहित याचिका में मामले की जांच सीबीआई या कार्यरत अधिकारियों की एसआईटी से कराने की मांग की गई है। चीफ जस्टिस की बेंच इस पर आज सुनवाई कर सकती है।




### 'ड्राइवर का बयान गलत'

हादसे को लेकर ट्रेन ड्राइवर के बयान को हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों ने गलत बताया है। ड्राइवर ने बयान दिया था कि उसने हादसे के बाद ट्रेन धीमी की थी, लेकिन लोगों ने पत्थरबाजी कर दी। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा के लिए उसने ट्रेन नहीं रोकी। इस पर चश्मदीदों ने दावा किया है कि ट्रेन की गति थोड़ी भी धीमी नहीं हुई थी। उन्होंने पत्थरबाजी की बात को झूठ करार दिया है। पार्षद शैलेंद्र सिंह घटना के समय मौके पर थे। उन्होंने बताया, ट्रेन धीमी नहीं हुई। ऐसा लगता था कि ड्राइवर कुचल देना चाहता था। ट्रेन कुछ मिनटों में ही वहां से गुजर गई। सवाल किया कि जब इतनी मौतें हुई हों और इतने लोग घायल हों तब पत्थरबाजी कैसे संभव है।

### सिद्धू का बड़ा ऐलान, अनाथ बच्चों को लेंगे गोद

अमृतसर रेल हादसे में अनाथ हुए बच्चों को लेकर पंजाब के डिप्टी सीएम नवजोत सिंह सिद्धू ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि वह हादसे में अनाथ हुए बच्चे बच्चों को गोद लेंगे। वह उनकी पूरी पढ़ाई और नौकरी दिलाने तक की जिम्मेदारी ले रहे हैं। बता दें कि जिस आयोजन में हादसा हुआ, सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर वहां चीफ गेस्ट थीं। इस बीच नवजोत कौर के खिलाफ बिहार के मुजफ्फरपुर में एफआईआर दर्ज करने की शिकायत दी गई है।

**Punjab Kesari (Delhi)**

# ट्रेन के ड्राइवर ने आत्महत्या कर ली?

## अमृतसर में अफवाहों का जोर, लोगों के जख्म नहीं भर पा रहे

अमृतसर, (पंजाब केसरी): यहां जोड़ा फाटक के पास दशहरा वाले दिन हुए हादसे को लेकर अफवाहों का बाजार भी गर्म है। लोगों का कहना है कि ऐसा बेवजह माहौल खराब करने के लिए किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर उस ट्रेन के चालक द्वारा आत्महत्या करने की बात वायरल हो गई, जिससे हादसा हुआ था। जांच के बाद पता चला कि ट्रेन चालक सही सलामत है। दरअसल एक व्यक्ति का अमृतसर व तरनतारन के बीच एक पुल पर एक व्यक्ति का फंदे से झूलता शव मिला था। इसके बाद किसी ने बिना कोई जांच किए हादसे का कारण बनी डीएमयू ट्रेन के चालक द्वारा आत्महत्या करने की बात सोशल मीडिया पर डाल दी।

बता दें कि अमृतसर के जोड़ा फाटक के पास शुक्रवार शाम दशहरा कार्यक्रम के दौरान डीएमयू ट्रेन ने ट्रैक पर खड़े लोगों को रौंद दिया था। इसमें 62 लोगों की मौत हो गई और करीब 145 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद ट्रेन के चालक अरविंद कुमार को हिरासत में लिया गया और उससे पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया था। चालक ने हादसे के बारे में लिखित बयान भी दिया था।

इस बयान पर लोगों ने सवाल उठाया है। यहां तक कि पंजाब के कैबिनेट मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू ने भी हादसे के लिए रेलवे की जिम्मेदारी ठहराते हुए ट्रेन चालक की ओर अंगुली उठाई है।

### सीबीआई जांच को लेकर हाईकोर्ट पहुंचा केस

दशहरे के दिन हुए दर्दनाक रेल हादसे का मामला अब पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट पहुंच गया है। मामले में हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि अमृतसर ट्रेन हादसे की जांच या तो सीबीआई से करवाई जाए या फिर इसके लिए एसआईटी गठित की जाए। मामले में सुनवाई कल मंगलवार को होगी। बताया जा रहा है कि वकील शशांक के माध्यम से याचिकाकर्ता दिनेश [illegible] ने उक्त याचिका दाखिल कर अपील की है कि मामले की जांच को लेकर एस.आई.टी. गठित की जाए या सी.बी.आई. से जांच करवाई जाए।

### अनाथ बच्चों को ताउम्र पढ़ाऊंगा



पंजाब सरकार में निकाय और पर्यटन मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू ने ट्रेन हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों और अनाथ बच्चों की बड़ी जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें गोद लिया है। सिद्धू ने कहा कि जिन परिवारों में बच्चों को पढ़ाई लिखाई या खाने तक की तंगी होगी, मैं जेब से पूरी करूंगा। जब तक मेरी जेब में चार पैसे हैं, मैं सबको गोद लेता हूं और उनकी देखभाल करूंगा। सिद्धू ने कहा कि यह मेरा परिवार है। यह वो लोग हैं जिन्होंने नवजोत सिंह सिद्धू को सम्मान दिया। सिद्धू ने कहा कि गुरु की नगरी में यह उनका दूसरा वचन है। पहला वचन दिया था कि जब तक सियासत में हूं, अमृतसर से चुनाव लड़ूंगा। अब यह मेरा दूसरा वचन है। जब तक मेरी धर्मपत्नी है, कोई अनाथ या बेसहारा भी भूखा नहीं सोएगा। इन लोगों का मुझ पर और मेरी पत्नी पर एहसान है। गौरतलब है कि शुक्रवार को अमृतसर में जोड़ा फाटक के नजदीक दशहरा वाले दिन रावण दहन देख रहे लोगों को पटरी पर रौंदते हुए ट्रेन निकल गई। इस हादसे में 59 लोगों की जान चली गई थी, जबकि कई लोग घायल हुए थे।





अमृतसर में जोड़ा फाटक के पास पुलिस पहरा बिठा दिया गया है और पास से गुजर रही है ट्रेन। (छाया: प्रेट्र)

### सिद्धू की पत्नी के खिलाफ मामला दायर



अमृतसर हादसे को लेकर आरोप-प्रत्यारोप के बीच दशहरा कार्यक्रम के आयोजकों और मुख्य अतिथि नवजोत कौर सिद्धू के खिलाफ बिहार की एक अदालत में सोमवार को एक मामला दायर किया गया। वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने रेलवे और पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया। अमृतसर में दशहरा के दिन रावण दहन के दौरान करीब 60 लोगों की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हो गयी थी। मृतकों में बिहार के प्रवासी भी शामिल थे। सिद्धू के बचाव में कांग्रेस सांसद सुनील जाखड़ और पंजाब के मंत्री सुख सरजिंदर सिंह रंधावा आगे आए और उन्होंने घटना के लिए रेल अधिकारियों को दोषी ठहराने का प्रयास किया। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह इजरायल गए हुए हैं। उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से स्थिति की समीक्षा की और उन्हें प्रभावित परिवारों को राहत और मुआवजा प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। इस हादसे से नाराज लोगों ने रविवार को पथराव किया था और सुरक्षा कर्मियों के साथ उनकी झड़प भी हुयी थी। वे पटरियों पर बैठ गए थे जहां दुर्घटना हुई।

## Dainik Jagran (Amritsar,Punjab)




# गुजरती रही ट्रेन, खुल गया जोड़ा फाटक

अमृतसर में दशहरे पर हुए भयावह रेल हादसे के जख्म अभी भरे भी नहीं हैं कि एक बार फिर गंभीर लापरवाही देखने को मिली। यहां हादसास्थल जोड़ा फाटक पर सोमवार को ट्रेन के पूरी तरह गुजरने से पहले ही फाटक थोड़ा खुल गया (दाएं तस्वीर में) • प्रेट्र

## Punjab Kesari (Jalandhar,Punjab)

# रैपिड एक्शन फोर्स ने मनाया पुलिस स्मृति दिवस

जालंधर, 22 अक्तूबर (खुराना): रैपिड एक्शन फोर्स की 114 बटालियन द्वारा लिदड़ां कैम्प में शहीद जवानों की स्मृति में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बटालियन के सभी अधिकारियों व जवानों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी व इस दिवस के महत्व बारे बताया। गौरतलब है कि 21 अक्तूबर 1959 को सी.आर.पी.एफ. के कई जवान भारत-तिब्बत सीमा पर लद्दाख क्षेत्र में चीन के साथ लड़ते हुए शहीद हुए थे और चीनी सेना का भी नुक्सान हुआ था। उसी याद में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। एक अन्य कार्यक्रम में गांव सरहाली के शहीद सिपाही जरनैल सिंह जो त्रिपुरा में आतंकियों के साथ लड़ते हुए शहीद हुए थे, उनकी पत्नी व परिवार के सदस्यों को 114 बटालियन की ओर से सम्मानित किया गया।



शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मानित करते रैपिड एक्शन फोर्स 114 बटालियन के अधिकारी।

MI NOTE 5 PRO

Ajit Samachar (Jalandhar,Punjab)

# 114 बटालियन कैम्प में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

## * शहीद के परिवारों को किया सम्मानित

करतारपुर, 21 अक्तूबर (मंजीत): द्रुत कार्य बल की 114 बटालियन लिदड़ा कैम्प में शहीद हुए जवानों की स्मृति में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बटालियन के सभी जवान एवं अधिकारियों के द्वारा शहीदों को श्रद्धांजंलि दी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्तूबर 1959 को केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के जवानों द्वारा भारत-तिब्बत सीमा पर स्थित लद्दाख क्षेत्र के हाट स्प्रिंग में चीन की बड़ी टुकड़ी के साथ बहादुरी के साथ लड़ते हुए शहीद हुए थे, जिसमें चीन के सेना का बहुत नुक्सान हुआ था। उसी की याद में प्रत्येक वर्ष भारत के सभी अर्धसैनिक बलों एवं पुलिस के द्वारा 21 अक्तूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर गांव सराली, फिल्लौर, ज़िला जालन्धर के शहीद सिपाही जीडी जरनैल सिंह जोकि मार्च 1999 में त्रिपुरा के नूतन बाज़ार थाने के अंतर्गत एन.एल.एफ.टी. उग्रवादियों के साथ बहादुरी के साथ लड़ते तथा अदम्य का साहस का परिचय देते हुए शहीद हुए थे। उनकी पत्नी व परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया।



शहीद के परिवार को सम्मानित करते हुए अधिकारी। (छाया : मंजीत)

REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

**Dainik Savera (Punjab)**

# पुलिस स्मृति दिवस पर दी वीर जवानों को श्रद्धांजलि


करतारपुर, 21 अक्तूबर (गगन): द्रुत कार्य बल की 114 बटालियन लिदड़ां कैंप जालंधर द्वारा शहीद हुए जवानों की स्मृति में पुलिस दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बटालियन के सभी जवान एवं अधिकारियों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्तूबर 1959 को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान भारत-तिब्बत सीमा पर स्थित लद्दाख क्षेत्र के हॉट स्प्रिंग में चीन की बड़ी टुकड़ी के साथ बहादुरी के साथ लड़ते हुए शहीद हुए थे, जिसमें चीन की सेना का बहुत नुक्सान हुआ था। उसी याद में प्रत्येक वर्ष भारत के सभी अर्ध सैनिक बलों एवं पुलिस द्वारा 21 अक्तूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर एक अन्य कार्यक्रम में ग्राम सराली, फिल्लौर जालंधर के शहीद सिपाही जी.डी. जरनैल सिंह जो कि मार्च 1999 में त्रिपुरा ने नूतन बाजार थाने के अन्तर्गत एन.एल.एफ.टी. आतंकवादियों के साथ बहादुरी के साथ लड़ते हुए शहीद हो गए थे, की पत्नी एवं परिवार के सदस्यों को 114 बटालियन द्रुत कार्य बल लिदड़ां कैंप जालंधर की तरफ से उनके आवास पर सम्मानित किया गया।



114 बटालियन लिदड़ां कैंप में पुलिस स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते जवान।

## Dainik Bhaskar (Rajasthan)

# पुलिस व आरएएफ ने किया फ्लैग मार्च, भयमुक्त होकर मतदान का दिया संदेश



भास्कर न्यूज़ | मेहंदीपुर बालाजी

पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह के निर्देश पर मेहंदीपुर बालाजी थानाधिकारी भगवानसिंह ने मय जाप्ता 83वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट सुनीलकुमार खींची व विजयसिंह मीणा रेपिड एक्शन फोर्स के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर कस्बे सहित क्षेत्र के कई गांवों में फ्लैग मार्च किया।

पुलिस सहित बटालियन के जवानों ने मेहंदीपुर बालाजी सहित, मीना सीमला, उदयपुरा, भालपुर, नांदरी, भावगढ़, गेरोटा, डेडान बसेड़ी, नाहर खोहरा, लाखनपुर, चंदुसा सहित अनेक गांवों में चुनावी तैयारियों के प्रति जनता का भरोसा जीतने के लिए फ्लैग मार्च किया। उन्होंने आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए आश्वत किया व लोगों में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया।



मेहंदीपुर बालाजी | फ्लैग मार्च करते सेना के जवान।



लालसोट | डिप्टी एसपी की अगुवाई में फ्लैग मार्च करता पुलिस बल।

## निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस का लालसोट में मार्च

भास्कर न्यूज़ | लालसोट

विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों में कानून और व्यवस्था के प्रति विश्वास पैदा करने तथा अपराधियों में दहशत पैदा करने व भयमुक्त वातावरण देने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा रविवार को लालसोट कस्बे में डिडवाना में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।

डिप्टी एसपी मनराज मीणा, थानाधिकारी सुरेश मीना की अगुवाई में किए गए फ्लैग मार्च से निर्भय हो कर मतदान का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बस स्टेंड जवाहर गंज सर्किल सदर बाजार, बोली का बाजार लुहार बाजार, कोथून रोड जमात तिराहा मंडी चौराहा होते हुए फ्लैग मार्च किया । लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने व अपराधियों में डर पैदा करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस के अधिकारी व पुलिस बल मौजूद रहा।

## मानपुर में रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैगमार्च

भास्कर न्यूज़ | मानपुर

सात दिसंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों में शांति एवं कानून को लेकर पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स ने कस्बे में फ्लैगमार्च कर लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया।

डिप्टी एसपी रामकृष्ण मीणा व थानाप्रभारी सुरेंद्र कुमार ने रैपिड एक्शन फोर्स बटालियन के जवानों के साथ कस्बे के राजकीय अस्पताल से मुख्य बाजार व कई मौहल्लों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने मतदाताओं से चुनावों में भयमुक्त होकर मतदान की अपील की।

थानाप्रभारी कुमार ने बताया कि चुनावों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी फ्लैगमार्च किया गया।



मानपुर | कस्बे में फ्लैगमार्च करते पुलिस व आरएएफ जवान।

**Amar Ujala (Prayagraj, UP)**

# आरएएफ ने चलाया सफाई अभियान

प्रयागराज। फाफामऊ के शांतिपुरम में आरएएफ की 11 वीं वाहिनी के जवानों ने शनिवार को पड़िला महादेव मंदिर परिसर में स्वच्छ बारत मिशन के तहत सफाई अभियान चलाया। मंदिर परिसर एवं आसपास के इलाकों की साफ -सफाई की गई। वाहिनी के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. उमा शंकर वर्मा ने श्रद्धालुओं को स्वच्छता से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी। इस दौरान 'आओ पर्यावरण बचाएं, सभी का जीवन बेहतर बनाएं' का संदेश दिया गया। इस अभियान में वाहिनी के कमांडेंट आरके निगम, उनकी पत्नी सुनीता निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी उमा शंकर वर्मा, उप कमांडेंट राजेंद्र चोपड़ा समेत अन्य जवानों ने हिस्सा लिया।

Sakshi (TS)

# సీఆర్‌పీఎఫ్ ఆధ్వర్యంలో మినీ మారథాన్



సీఆర్‌పీఎఫ్ గ్రూప్ సెంటర్‌లో మినీ మారథాన్‌లో పాల్గొన్న జవాన్లు

జవహర్‌నగర్: పోలీసు అమర వీరుల దినోత్సవాన్ని పురస్కరించుకుని శనివారం సీఆర్‌పీఎఫ్ గ్రూప్ సెంటర్‌లో మినీ మారథాన్‌ను నిర్వహించారు. ఈ కార్యక్రమానికి సీఆర్‌పీఎఫ్ సౌత్ సెక్టార్ ఐజీపీ జీహెచ్‌పీ. రాజు ముఖ్య అతిథిగా హాజరై కార్యక్రమాన్ని ప్రారంభించారు. ఈ సందర్భంగా 10 కే రన్‌ను ప్రారంభించి మాట్లాడారు. దేశం కోసం పోరాడిన అమరుల ఆశయ సాధన కోసం కృషి చేయాలని పిలుపునిచ్చారు. ఈ కార్యక్రమంలో సీఆర్‌పీఎఫ్ డీఐజీ రఘురాం, 99వ బెటాలియన్ కమాండెంట్ సుందరం, పలువురు పోలీసు ఉన్నతాధికారుల కుటుంబ సభ్యులు పాల్గొన్నారు.

Namaste Telangana (TS)

# సీఆర్‌పీఎఫ్‌లో మినీ మారథాన్



సీఆర్‌పీఎఫ్‌లో మనీ మరథాన్‌లో పాల్గొన్న జవాన్లు

**జవహర్‌నగర్ :** పోలీస్ అమరువీరుల దినోత్సవాన్ని పురస్కరించుకుని శని వారం జవహర్‌నగర్‌లోని సీఆర్‌పీఎఫ్ గ్రూప్ సెంటర్‌లో మినీ మారథాన్‌ను నిర్వహించారు. ఈ కార్యక్రమానికి సీఆర్‌పీఎఫ్ సౌత్ సెక్టార్ ఐజీపీ జీహెచ్‌పీ రాజు ముఖ్య అతిథిగా హాజరై కార్యక్రమాన్ని ప్రారంభించారు. ఈ మినీ మార థాన్‌లో సీఆర్‌పీఎఫ్ జవానులు, వారి కుటుంబ సభ్యులులతో పాటు సీఆర్‌పీ ఎఫ్ పాఠశాల విద్యార్థులు, సిబ్బంది ఈ మరథాన్ కార్యక్రమంలో పాల్గొన్నారు. అనంతరం 10 కే రన్‌ను ప్రారంభించారు. ఈ కార్యక్రమంలో సీఆర్‌పీఎఫ్ డీఐజీ రఘురాం, 99 బెటాలియన్ కమాండెంట్ సుందరం పాల్గొన్నారు.

**Gujarat Vaibhav (Ahmadabad)**

# 100वीं वाहिनी द्रुत कार्यबल (आरएएफ) ने मनाया 'पुलिस शहीद स्मरण दिवस'



अहमदाबाद

वस्त्राल स्थित द्रुत कार्यबल की 100वीं वाहिनी मुख्यालय में पुष्पेंद्र कुमार, कमाण्डेंट 100वीं वाहिनी के दिशा निर्देशन में दिनांक 21 अक्टूबर 2018 को पुलिस शहीद स्मरण दिवस मनाया गया। पुष्पेंद्र कुमार, कमाण्डेंट ने दिनांक 1 सितम्बर 2017 से 31 अगस्त 2018 तक की अवधि के दौरान देश के विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों व केन्द्रीय सुरक्षा बलों में तैनात रहते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले 414 पुलिस अधिकारियों व जवानों के नाम पढ़कर सुनाए तथा शहीद स्मारक स्थान पर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर सलामी दी। वाहिनी के सभी अधिकारियों व जवानों ने शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन रखा। 100वीं वाहिनी के समवायों द्वारा गोद लिए विभिन्न गांवों में जाकर वहां के नागरिकों एवं बच्चों के मध्य स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की एवं उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। इस स्वच्छता अभियान के अवसर पर वाहिनी के अधिकारी, जवान व महिलाएं उपस्थित रहीं। साथ ही पुलिस शहीद स्मरण दिवस के अवसर पर देश की एकता व अखण्डता की सुरक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवानों की गाथा का स्मरण कराया गया और दो मिनट का मौन रखा गया।

उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख (जम्मू-कश्मीर) के हॉट स्प्रिंग नामक स्थान पर चीनी सेना के हमले का मुकाबला करते हुए शहीद हुए केरिपुबल के 10 वीर जवानों की शहादत को याद करने के लिए प्रत्येक 21 अक्टूबर को को पुलिस शहीद स्मरण दिवस मनाया जाता है और तब से इस दिन संपूर्ण देश में पुलिस बल कर्तव्य की बलिवेदी पर प्राण न्यौछावर करने वाले सभी पुलिस कार्मिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

http://gujaratvaibhav.com

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**